पत्रांक-स्था-3(क)-चतुर्थ श्रेणी पदोन्नति-भाग-IV // 2020-21 // 5052 // वाणिज्य कर,

कार्यालय- कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)

लखनऊ // दिनांक:: 15 मार्च, 2021

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,

वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया इस कार्यालय के पत्रांक-स्था-3क चतुर्थ श्रेणी पदोन्नति-भाग-IV / 2021-21 / 5051 / वाणिज्य कर दि0-15-03-2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समूह घ से समूह ग में पदोन्नति हेतु विभागीय परीक्षा कार्यक्रम एवं परीक्षा की तिथि निर्धारित करते हुए परीक्षा सम्पन्न कराये जाने की अपेक्षा की गई है।

उल्लेखनीय है कि उक्त विभागीय परीक्षा में भाग लेने हेतु आपके जोन से संबंधित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिसके अनुसार अभ्यार्थियों की अनुक्रमांक आवंटित किए गए हैं। आवंटित अनुक्रमांक पर उपलब्ध कर्मचारियों को को अनुक्रमांक से अवगत कराये जाने एवं प्रवेश पत्र जारी करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि आवंटित अनुक्रमांक पर उपलब्ध कर्मचारी वाणिज्य कर विभाग का ही है, यदि आवंटित अनुक्रमांक पर उपलब्ध कोई कर्मचारी पूर्व मनोरंजन कर विभाग का है तो उसका अनुक्रमांक निरस्त मानते हुए प्रवेश पत्र जारी न किया जाए तथा ऐसे कर्मचारी की सूचना तत्काल मुख्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

अतः इस पत्र के साथ अभ्यार्थियों को आवंटित किए गए अनुक्रमांक की सूची तथा विभागीय परीक्षा में प्रयुक्त होने वाले प्रवेश पत्र का प्रारूप इस पत्र के साथ संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने अधीनस्थ संबंधित कर्मचारियों को अनुक्रमांक से अवगत कराते हुए तदनुसार मुख्यालय के पत्र दिनांक-15-03-2021 में दी गई व्यवस्थानुसार प्रवेश पत्र जारी कराये जाने का कष्ट करें।

संलग्नक :: यथोपरि।

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- अपर निदेशक(प्रशिक्षण) वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2- समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक) वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।
3- ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु।
4- समस्त डिप्टी कमिश्नर(प्रशासन)/असिस्टेंट कमिश्नर-ए वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।
5- समस्त अनुभाग अधिकारी, वाण्ज्यि कर मुख्यालय।

एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश लखनऊ।